Bihar Board Class 6 Hindi Solutions Chapter 14 डॉ. भीमराव अम्बेदकर

प्रश्न-अभ्यास

पाठ से –

प्रश्न 1.
डॉ. अम्बेडकर के योगदानों की चर्चा कीजिए।
उत्तर:
डा. अम्बेडकर का जीवन देश और समाज के लिये समर्पित था। उन्होंने देश के लिए कुछ अमूल्य सेवायें दी जैसे –

1. अछूतों को समानता का अधिकार दिलाया।
2. राष्ट्र की एकता के लिये संविधान में आवश्यक व्यवस्था करना।
3. स्वतन्त्र भारत के संविधान के निर्माण के लिये अपनी सेवायें देना।
4. धर्म, आंति, वर्ग आदि के कारण उत्पन्न भेद-भाव को जड़ से मिटा देने का संकल्प तथा प्रयास करना।

प्रश्न 2.
डा. अम्बेडकर ने बौद्ध धर्म क्यों स्वीकार कर लिया?
उत्तर:
डा. अम्बेडकर धर्म को मनुष्य के लिये आवश्यक मानते थे। उनका संघर्ष उन बुराईयों से था जिसमें धर्म के कारण मनुष्यों के बीच भेद-भाव पैदा करते थे। उनके अनुसार बौद्धधर्म समानता के सिद्धान्त पर आध रित है। इसीलिये उस समानता का सम्मान करते हुये डा. अम्बेडकर ने बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया।

प्रश्न 3.
डा. अम्बेडकर ने बड़ौदा महाराज की नौकरी क्यों छोड़ दी?
उत्तर:
डा. अम्बेडकर ने बड़ौदा महाराज की सेवा काल में अनुभव किया कि यहाँ भी जातिगत भेद-भाव का साम्राज्य है। कट्टरपंथी समुदाय के लोग उनके प्रति सहिष्णुता और समानता का भाव नहीं रखते। इस व्यवहार से क्षुब्ध होकर भीमराव ने बड़ौदा महाराज की नौकरी छोड़ दी।

प्रश्न 4.
डा. अम्बेडकर के विचारों से आप कहाँ तक सहमत हैं और क्यों?
उत्तर:
डा. अम्बेडकर के विचार अत्यन्त प्रासंगिक थे। वे देश और समाज के हित में थे और अभी भी हैं। अतः उनके विचारों से असहमत होने का प्रश्न ही नहीं उठता।

प्रश्न 5.
नीचे स्तम्भ 'क' में डा. भीमराव अम्बेडकर के जीवन से जुड़ी कुछ प्रमुख घटनाओं का विवरण है तथा स्तम्भ 'ख' में उन घटनाओं के वर्ष दिये गये हैं। इन्हें सही क्रम में मिलान कीजिये।

https://www.evidyarthi.in/

उत्तर:
(क) – 3 (1891)
(ख) – 4(1907)
(ग) – 1 (1913)
(घ) – 2 (1905)
(ङ) – 6 (1920)
(च) – 5 (1956)

स्तम्भ 'क'	स्तम्भ 'ख'
(क) डा. अम्बेडकर का जन्म	1. 1913
(ख) डा. अम्बेडकर ने हाई स्कूल की परीक्षा पास की	2. 1905
(ग) डा. अम्बेडकर ने बी.ए. की परीक्षा पास की	3. 1891
(घ) डा. अम्बेडकर की शादी	4. 1907
(ङ) 'मूकनायक' पत्रिका का प्रकाशन	5. 1956
(च) डा. अम्बेडकर की मृत्यु	6. 1920

पाठ से आगे –

प्रश्न 1.
डॉ. अम्बेदकर को 'भारतीय संविधान का जनक' क्यों कहा जाता है?
उत्तर:
स्वतन्त्र भारत के संविधान के निर्माण के लिये अपनी सेवायें देना तथा उन्हीं के नेतृत्व में भारतीय संविधान का प्रारूप तैयार किया गया था इसीलिए इन्हें भारतीय संविधान का जनक कहा जाता है।।

प्रश्न 2.
डॉ. अम्बेदकर को 'बाबा साहब' के उपनाम से जानते हैं। कुछ और भी महापुरुषों को उपनाम से जाना जाता है। उनके नाम और उपनाम को लिखिए।
उत्तर:
1. रवीन्द्रनाथ टैगोर – गुरुदेव
2. मोहनदास करमचन्द गाँधी – बापू
3. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद – देशरत्न
4. सुभाषचन्द्र बोस – नेताजी
5. बल्लभ भाई पटेल – सरदार

प्रश्न 3.
'बाबा साहब' किस प्रकार के भारत को देखना चाहते थे ?
उत्तर:
'बाबा साहब' भारत के उस स्वरूप को देखना चाहते थे जिसमें छूत-अछूत का कोई विचार नहीं हो। कोई भी समाज का व्यक्ति किसी से दलित न हो। भारत में जाति के आधार पर पेशा नहीं हो बल्कि ज्ञान एवं अभिरुचि के आधार पर पेशा को ग्रहण करें। समाज के सभी व्यक्ति को समान अधिकार प्राप्त हो। इत्यादि ।

व्याकरण

प्रश्न 1.
इन शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए।
महतवपूर्ण, परीस्थीती, निसचय, आत्मविसवास, रत्नागीरी, अधयापक ।
उत्तर:

प्रश्न 2.
"स्वामीजी, मैं ईश्वर का दर्शन करना चाहता हूँ। क्या आप ऐसा कर सकेंगे?"
साधु ने तपाक से कहा, "अरे ! क्यों नहीं ! कल सवेरे यहाँ आ जाना । हम लोग साथ-साथ सामने के पहाड़ की चोटी

evidyarthi

पर चलेंगे। वहाँ जाकर मैं तुम्हारी इच्छा पूरी कर दूंगा।”
उपर्युक्त अंश में उद्धरण चिह्न (” “), विस्मयादिसूचक चिह्न (!), प्रश्नसूचक चिह्न (?), योजक चिह्न (-), अल्प विराम चिह्न (,) तथा पूर्ण विराम चिह्न (।) हैं।
इस पाठ में भी इस तरह के विराम चिह्नों का प्रयोग किया गया है। उसका कुछ अंश लिखिए।
उत्तर:
अचानक वह उठ खड़ा हो जाता है। आँसू पोंछकर सोचता है, “मैं अछूत हूँ, यह पाप है। किसने बनाया है छुआछूत की व्यवस्था ? किसने बनाया है किसी को नीच? किसी को ऊँच? भगवान ने ? हर्गिज नहीं। वह ऐसा नहीं कर सकता। वह सबको समान रूप से जन्म देता है। यह बुराई मनुष्य ने पैदा की है। मैं इसे मिटाकर रहूँगा।”

शब्द		शुद्ध रूप
निसचय	—	नि:श्चय
आत्मविसवास	—	आत्मविश्वास
रत्नागीरी	—	रत्नागिरि
अध्यापक	—	अध्यापक
महतवपुर्ण	—	महत्वपूर्ण
परीस्थिति	—	परिस्थिति

कुछ करने को –

प्रश्न 1.
इस वर्ग पहेली में पाँच महापुरुषों के नाम छिपे हैं। उनके नाम मोटे लिखे गए अक्षर से शुरू होता है । ढूँढ़कर लिखिए।

ह	सु	त्मा	वा	ना	प्र
डा.	च	बो	न्द्र	र	न्द्र
भा	सा	**म**	ने	गाँ	ल
हा	ष	र	द	गां	र
ला	थ	ह	न्द्र	रू	जे
वी	रा	ज	स	धी	टै

उत्तर:

1. महात्मा गाँधी
2. जवाहरलाल नेहरू
3. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
4. सुभाषचन्द्र बोस
5. रवीन्द्रनाथ टैगोर ।

evidyarthi